Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

E

No. of Printed Pages : 4

Summative Assessment II, 2011-2012

Subject : हिन्दी

Time : 2½ Hrs.] **Class : VI** **[M. M. : 70**

सामान्य निर्देश :

1. सुन्दर व स्पष्ट लेख लिखें।
2. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।
3. एक प्रश्न हल करने के पश्चात् दो पंक्तियाँ अवश्य छोड़ें।
4. प्रश्न-पत्र के उत्तर क्रमानुसार लिखने का प्रयत्न करें।

खण्ड – 'क'

1. संज्ञा अथवा क्रिया की परिभाषा व भेदों के नाम लिखिए। 4

2. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए– 2 × 10 = 20

(क) वर्ण किसे कहते हैं? ये कितने प्रकार के होते हैं?

(ख) किन्हीं दो के वचन बदलिए–

ऋतु, मैं, लता

(ग) निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–

हवा, पानी

(घ) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

योग्य, पूर्ण

(ङ) लिङ्ग बदलिए–

सिंह, श्रीमान

(च) निम्न शब्दों को शुद्ध करके लिखिए–

परिक्षा, उँचा,

P.T.O.

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

(छ) मुहावरों का अर्थ वाक्य प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए–

आँखों में धूल झोंकना, उँगली पर नचाना

(ज) उपयुक्त स्थान पर विराम चिह्न लगाओ–

प्रधानाचार्य ने कहा कल स्कूल बन्द रहेगा

(झ) कारक चिह्नों द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें–

तुरही दिखने······अंग्रेजी एस या सी अक्षर······तरह होती है।

(ञ) उपसर्ग अलग करें–

अशांति, कुरूप

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– 5

1. गणतंत्र दिवस 2. पुस्तकालय के लाभ 3. रंगों का त्यौहार – होली

4. भाई के विवाह में उपस्थित होने के लिए प्रधानाचार्य को अवकाश हेतु पत्र लिखें। 3

अथवा

मित्र को जन्म दिवस की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

खण्ड – 'ख'

5. निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश के पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) मैं सबसे छोटी होऊँ
तेरी गोद में सोऊँ
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर
फिरूँ सदा माँ तेरे साथ,
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ।

1. कवि और कविता का नाम लिखें। 1
2. बच्ची छोटी क्यों बनी रहना चाहती है? 2
3. बच्ची की क्या इच्छा है? 2

अथवा

(ख) पुर तें निकसी रघुवीर वधू, धरि धीर दए मग में डग द्वै।
झलकीं भरि भाल कनि जल की, पुट सूखि गये मधुराधर द्वै।

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

फिरि बूझति हैं, 'चलनो अब केतिक, पर्न कुटी करिहौ कित ह्वै?
तिय की लखि आतुरता पिय की, अँखियाँ अति चारु चली जल च्वै।।

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) रघुवीर वधू कौन है? उसकी क्या दशा हो गयी?

(iii) वे किससे क्या पूछती हैं?

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 2 = 4$

(क) 'कुछ खास तो नहीं' हेलेन की मित्र ने यह जवाब किस मौके पर दिया?

(ख) दुनिया का पुराना हाल किन-किन चीजों से जाना जाता है?

(ग) कवि किसके आँचल की छाया में छिपा रहना चाहता है और क्यों?

7. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $2 \times 2 = 4$

(क) गाँधीजी ने श्रीमती पोलक के बच्चे का दूध कैसे छुड़वाया?

(ख) राम बैठकर काँटे क्यों निकालने लगे?

(ग) बाँस कैसे काटे जाते हैं? क्यों?

8. दोनों गद्यांशों को पढ़कर किसी एक के पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) जुलाई से अक्टूबर घोर बारिश के महीने यानि लोगों के पास बहुत सारा खाली वक्त या कहो आस-पास के जंगलों से बाँस इकट्ठा करने का सही वक्त। आमतौर पर वे तीन साल की उम्र वाले बाँस काटते हैं। बूढ़े बाँस सख्त होते हैं और टूट भी तो जाते हैं। ऐसे बाँसों को चुना जाता है जिनमें गाँठे दूर-दूर होती हैं।

(i) गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? 1

(ii) बाँस इकट्ठा करने का सही वक्त कौन-सा है? 2

(iii) सामान बनाने के लिए कैसे बाँसों को चुना जाता है? 2

अथवा

(ख) लोकगीत अपनी लोच, ताजगी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न हैं। लोकगीत सीधे जनता के संगीत हैं। घर, गाँव और नगर की जनता के गीत हैं, ये, इनके लिए साधना की जरूरत नहीं होती। त्यौहारों और विशेष अवसरों पर गाये जाते हैं।

1. ये पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं?

2. लोकगीत शास्त्रीय संगीत से किस रूप में भिन्न हैं?

P. T. O.

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

3. लोकगीत कब गाए जाते हैं?

4. यह किनके गीत हैं?

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 2 = 4$

(क) हेलेन केलर प्रकृति की किन चीजों को छूकर और सुनकर पहचान लेती हैं?

(ख) गोल चमकीले रोड़े को यदि दरिया और आगे ले जाता तो क्या होता?

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए—

हाथ पकड़कर फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात!

10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए— $2 \times 3 = 6$

(क) आश्रम में काम करने या करवाने का कौन-सा तरीका गाँधीजी अपनाते थे?

(ख) दो कदम चलने के बाद सीता का क्या हाल हुआ?

(ग) कागज से मूर्ति बनाने की कितनी विधियाँ हैं?

खण्ड 'ग'

11. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $2 \times 2 = 4$

(क) शबरी ने राम को क्या बताया?

(ख) राम और लक्ष्मण शीघ्रता से कहाँ पहुँचना चाहते थे?

(ग) हनुमान को लंका कैसी दिखाई दी?

12. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $2 \times 3 = 6$

(क) किष्किंधा लौटने से पूर्व हनुमान ने क्या उत्पात किया?

(ख) विभीषण लंका से निकलकर कहाँ पहुँचे और वहाँ किससे मिले?

(ग) राम ने अंगद को कहाँ और किसलिए भेजा?

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12